**अभ्यास परीक्षा प्रश्न-पत्र (2020-21)**

कक्षा- 10

विषय-हिंदी (अ) (कोड- 002)

निर्धारित समय: 3 घंटे **अंक-योजना**

अधिकतम अंक-80

**सामान्य निर्देश-**

- खंड-अ में दिए गए गए वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन निर्दिष्ट अंक योजना के आधार पर ही किया जाये ।
- खंड-ब में वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए उत्तर-बिंदु अंतिम न होकर सुझावात्मक व सांकेतिक हैं ।
- परीक्षार्थी द्वारा इसके अतिरिक्त दिए गए उपयुक्त उत्तरों पर भी अंक दिए जाएं ।

| | **खंड 'अ' बहुविकल्पीय प्रश्न** | **(40)** |
|---|---|---|
| **प्रश्न क्रम संख्या** | **उत्तर** | **अंक विभाजन** |
| **प्रश्न 1.** | प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश -1 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर - | 5X1= 5 |
| | | |
| I | 3.भारत - महिमा | |
| II | 2.अपने विशाल बर्फीले पर्वत शिखरों के कारण | |
| III | 1. देश में भरपूर अनाज उत्पन्न होता है | |
| IV | 4. छह ऋतुओं का आना | |
| V | 3. त्याग करने पर | |
| | **अथवा** | |
| | प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश -II पर आधारित प्रश्नों के उत्तर - | |
| I | 4.उत्तम-स्वास्थ्य | |
| II | 3.शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को बढाता है | |
| III | 4.योग व परिश्रम करते हुए संयमित जीवन शैली अपनाने से | |
| IV | 1.शर्करा युक्त पदार्थों के ज्यादा सेवन से | |
| V | 2.निरोगी काया | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न2. | प्रश्न संख्या 2 में दिए गए पद्यांश -1 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर - | 5X1=5 |
| I | 2.जिनमें देश के लिए स्वाभिमान भरा है | |
| II | 3.जिन्होंने देश की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए | |
| III | 4.वीर | |
| IV | 4.शत्रुओं के ठिकाने पर हमला कर दिया | |
| V | 3.वीरों को मेरा प्रणाम | |

| | | |
|---|---|---|
| **अथवा** | | |
| प्रश्न संख्या 2 में दिए गए पद्यांश II पर आधारित प्रश्नों के उत्तर - | | |
| I | 2 परिश्रम का फल पाने व शोषण का विरोध करने के लिए | |
| II | 3 जो अपनी जमीन पर श्रम करके अनाज पैदा करता है | |
| III | 2 गौरव की भाषा नई सीख, भिखमंगो सी आवाज बदल | |
| IV | 2 मनुष्य को | |
| V | 3 बहुत मुश्किल कार्य को कर देना | |
| **व्यावहारिक व्याकरण** | | **(16)** |
| **प्रश्न3.** | प्रश्न संख्या 3 में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर - (कोई 4 उत्तर) | 1+1+1+1=4 |
| I | 3.मिश्र वाक्य | |
| II | 2.साहिल घर गया और बैठने के लिए कुर्सी लाया । | |
| III | 2.विशेषण आश्रित उपवाक्य | |
| IV | 2.मेरे जीवन का उद्देश्य वैज्ञानिक बनना है । | |
| V | 2.तीन- संज्ञा आश्रित, विशेषण आश्रित, क्रिया विशेषण आश्रित | |
| **प्रश्न4.** | प्रश्न संख्या 4 में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर - (कोई 4 उत्तर) | 1+1+1+1=4 |
| I | 2.कर्तृ वाच्य | |
| II | 2.सर्दियों में भालू द्वारा शीतल जल से नहीं नहाया जाता । | |
| III | 3.मधुमक्खियों से उड़ा जाता है । | |
| IV | 1.भाव वाच्य | |
| V | 4.नेता जी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया । | |
| **प्रश्न5.** | प्रश्न संख्या 5 में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर - (कोई 4 उत्तर) | 1+1+1+1=4 |
| I | 3.व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक | |
| II | 4.अव्यय, कालवाचक क्रिया विशेषण, 'घूमने जाता है' क्रिया की विशेषता | |
| III | 1.सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य | |
| IV | 2.गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'फूल विशेष्य का विशेषण' | |
| V | 3.पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक | |
| **प्रश्न6.** | प्रश्न संख्या 6 में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर - (कोई 4 उत्तर) | 1+1+1+1=4 |
| I | 4.करुण | |
| II | 1.आश्रय | |
| III | 3.संयोग-वियोग | |
| IV | 3.निर्वेद | |
| V | 2.रौद्र | |
| **पाठ्य पुस्तक (14)** | | |
| **प्रश्न7.** | **गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर :-** | **5x1=5** |

| | | |
|---|---|---|
| I | 3.खेतों में धान की फसल रोपे जाने का | |
| II | 4.रामवृक्ष बेनीपुरी | |
| III | 3.रोमांचित कर देने वाला | |
| IV | 1.वे गीत सुनकर प्रसन्नता से भर जाते हैं | |
| V | 3.संगीत का | |
| **प्रश्न 8.** | **प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:-** | **2X1 =2** |
| I. | 3.कैप्टन | |
| II. | 2.कर्म के संकल्प से भरने जैसा | |
| **प्रश्न9.** | **पद्यांश के प्रश्नों के उत्तर :-** | **5x1=5** |
| I. | 2.ब्रज | |
| II. | 4.श्रीकृष्ण ने | |
| III. | 3.कृष्ण ने | |
| IV | 4.गोपियाँ उद्धव से | |
| V | 2.प्रजा को न सताना | |
| **प्रश्न10.** | **प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:-** | **2X1=2** |
| I. | 3.धनुष पुराना था जो छूते ही टूट गया | |
| II. | 2.लड़की जैसी कोमल और कमजोर न होना | |

**खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| | **पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक** | **(20)** |
| **प्रश्न11.** | **प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:-** | **2X4 =8** |
| I. | कैप्टन चश्में वाले की मृत्यु के बाद हालदार साहब मायूस हो गए थे। उन्हें लगता था की अब मूर्ति की आँखों पर कोई चश्मा नहीं लगाएगा। लेकिन बच्चों द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाया जाना उन्हें अपार प्रसन्नता दे गया था। | |
| II. | बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी से ही चिता को आग दिलवाई, क्योंकि उस समय स्त्रियों का चिता को आग देना तो दूर की बात, उनके शमशान में जाने की भी मनाही थी। उसके बाद उन्होंने उसे उसके भाई के साथ भेजकर उसका दूसरा विवाह करवाए जाने की बात कही। यह दोनों कार्य उनके समाज-सुधारक के रूप को ही प्रकट करते हैं। | |
| III. | 'लखनवी अंदाज़' पाठ में नबाव साहब ने विधिवत ढंग से खीरों को धोया, काटा और उन पर नमक बुरकाया। लेकिन खाने के नाम पर केवल सूंघ कर फेंक दिया। | |
| IV. | फ़ादर कामिल बुल्के एक बार किसी से रिश्ता बनाते थे तो उसे हमेशा निभाते थे। सभी के सुख-दुःख में शामिल रहते थे। यही बातें उन्हें एक परंपरागत संन्यासी से अलग करती हैं। | |
| **प्रश्न 12.** | **प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए:-** | **2X3 =6** |

| | | |
|---|---|---|
| I | ‘उत्साह’ कविता में बादल निम्न बातों की ओर संकेत करते हैं -<br>• नवजीवन प्रदान करके संसार को गतिशील करने के अर्थ में<br>• शोषितों - वंचितों के लिए क्रांति-चेतना के अर्थ में<br>• तपती धरती को शीतलता प्रदान करने के अर्थ में<br>(उत्तर में इन बिन्दुओं का विस्तार रहेगा) | |
| II | इस कविता में कवि ने प्रकृति की सर्वव्यापकता का वर्णन किया है । प्राकृतिक सौन्दर्य की कोमलता इतनी अधिक है कि वह कहीं समा ही नहीं रही है । सम्पूर्ण वातावरण में सुगन्धित वायु का बहना, लाल-हरी पत्तियों तथा रंग-बिरंगे फूलों का खिलना आदि सुन्दरता को मादकता प्रदान करते हैं ।<br>(इन्हीं तथ्यों के आधार पर उत्तर का विस्तार होगा) | |
| III | लक्ष्मण ने वीर योद्धा की विशेषता बताते हुए कहा कि वह युद्ध के मैदान में पराक्रम दिखाता है, न कि अपनी तारीफ स्वयं करता है । जबकि कायर युद्धभूमि में शत्रु को पाकर अपना गुणगान स्वयं करने लगते हैं ।<br>(इन्हीं तथ्यों के आधार पर उत्तर का विस्तार होगा) | |
| **प्रश्न 13.** | **प्रश्नों में से किन्हीं *2* के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए:-** | **3X2 =6** |
| I. | भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना इसलिए भूल जाता था क्योंकि उसे उनके साथ खेलना होता था । यह भी संभव होता है कि किसी को रोता देख साथी उसका मजाक बनाने लगते हैं, इस कारण भोलानाथ रोना भूल कर खेलने में लग जाता था । | |
| II. | ‘जॉर्ज पंचम की नाक’ पाठ में मूर्ति की नाक लगाने के लिए मूर्तिकार ने निम्नलिखित प्रयास किये-<br>• वह भारत भर के पहाड़ों पर पत्थर की तलाश में गया<br>• उसने देश के सभी महान नेताओं / सेनानियों की मूर्ति की नाकों की नाप ली<br>• कहीं भी सफलता न मिलने पर उसने एक जिन्दा नाक मूर्ति को लगा दी । | |
| III. | ‘साना-साना हाथ जोड़ि’ पाठ में लेखिका बर्फीले इलाके में जिन सैनिकों से मिलती है वे वहाँ माइनस 15 डिग्री तापमान में पहरा दे रहे थे । उन्होंने बताया कि वहाँ तापमान माइनस पचपन डिग्री तक हो जाता है । इतनी विषम परिस्थितियों में भी सीमाओं पर मुस्तैदी से डटे रहकर देश की सुरक्षा करने वालों के प्रति लेखिका सम्मान से भर जाती है । हम सबका भी यह दायित्व है कि अपने वीर सैनिकों का सम्मान करें तथा उनके परिवारीजनों के साथ भी आदर का भाव प्रस्तुत करें । | |
| | **लेखन** | **20** |
| **प्रश्न14.** | **<u>3</u> में से किसी *1* विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद-**<br>• भूमिका -1 अंक<br>• विषयवस्तु - 3 अंक | 1X5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भाषा - 1 अंक | |
| प्रश्न15. | **2 में से किसी 1 विषय पर पत्र -**<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएं - 1 अंक<br>• विषयवस्तु - 3 अंक<br>• भाषा - 1 अंक | 1X5=5 |
| प्रश्न16. | **2 में से किसी 1 विषय पर विज्ञापन - (लगभग 25-50 शब्द-सीमा)**<br>• विषयवस्तु - 2 अंक<br>• प्रस्तुति - 2 अंक<br>• भाषा - 1 अंक | 1X5=5 |
| प्रश्न 17. | **2 में से किसी 1 विषय पर सन्देश लेखन - (लगभग 30-40 शब्द-सीमा)**<br>• रचनात्मक प्रस्तुति - 2 अंक<br>• विषयवस्तु - 2 अंक<br>• भाषा - 1 अंक | 1X5=5 |